B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

ANNUAL EXAMINATION (2026-27)

Class : VI — Duration : **1 Hrs**
Date **:10.06.2026** — **SET I** — Max. Marks : **25**

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश — 7 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण — 11 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 7 अङ्क

खंड क (अपठित बोध)

मनुष्य के जीवन में व्यायाम का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ और मजबूत बनता है। जो व्यक्ति रोज व्यायाम करता है, वह हमेशा चुस्त और फुर्तीला रहता है। व्यायाम करने से हमारी मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं और शरीर में ऊर्जा बनी रहती है।आज के समय में लोग अधिकतर समय बैठकर काम करते हैं, जिससे शरीर कमजोर होने लगता है। इसलिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन कुछ समय व्यायाम के लिए अवश्य निकालना चाहिए। सुबह के समय खुली हवा में व्यायाम करना सबसे अधिक लाभदायक होता है। व्यायाम न करने से कई प्रकार की बीमारियाँ हो सकती हैं, जैसे मोटापा, थकान और कमजोरी। व्यायाम करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन भी प्रसन्न रहता है। इसलिए हमें अपने जीवन में व्यायाम को नियमित रूप से अपनाना चाहिए।

1. व्यायाम करने से क्या लाभ होता है? **(1)**
(a) शरीर कमजोर होता है (b) शरीर स्वस्थ और मजबूत बनता है
(c) समय बर्बाद होता है (d) नींद कम आती है

2. हमें व्यायाम कब करना चाहिए? **(1)**
(a) रात को (b) दोपहर में
(c) सुबह के समय (d) कभी भी नहीं

3. व्यायाम न करने से क्या होता है? **(1)**
(a) शरीर स्वस्थ रहता है (b) शरीर मजबूत बनता है
(c) शरीर कमजोर और बीमार हो सकता है (d) कोई फर्क नहीं पड़ता

4. मनुष्य के जीवन में व्यायाम क्यों आवश्यक है? **(2)**

5. व्यायाम के दो लाभ लिखिए। **(2)**

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.2 भाषा और व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[4]**
(i) भाषा की परिभाषा लिखिए ?
(ii) भाषा की लिखने के ढंग को क्या कहते हैं?

(iii) मौखिक भाषा का एक उद्हारण लिखिए ?

(iv) राष्ट्रीय भाषा किसे कहते है ?

प्रश्न.3 वर्ण विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- **[4]**

(i) स्वर के कितने भेद होते'है ?

(ii) हिंदी में व्यंजनो की संख्या कितनी होती है

(iii) दो दीर्घ स्वरों के नाम लिखिए |

(iv) दो अनुनासिक वर्णों के नाम लिखिए |

प्रश्न.4 शब्द रचना पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-(कोई तीन) **{3)**

(i) शब्द किसे कहते हैं?

(ii) आम्र का तद्भव शब्द लिखिए |

(iii) शब्द के कितने भेद होते है ?

(iv) कोई एक देशज शब्द लिखिए|

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[4]**

(i) कविता के आधार पर बताये कि मानव को मानव से कौन जोड़ता है ?

(ii) बेंजी को जो पेड़ पसंद आया ,उसकी कीमत क्या थी तथा कीमत सुनकर बेंजी क्यों उदास हो गया ?

प्रश्न.6 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) **[3]**

(i) दुकान से बाहर निकलने के बाद बेंजी क्या सोंच सोंच कर दुखी था ?

(ii) इस कविता में कवि ने अलग न अंतर -प्राण होने की बात कही है | आशय स्पष्ट कीजिए

==========================समाप्त============================